सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-214**
28/04/2018

मुख्यमंत्री ने मनेर शरीफ जाकर सूफी संत हजरत मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहिया मनेरी के उर्स के मौके बड़ी दरगाह स्थित उनकी मज़ार पर चादरपोशी की

पटना 28 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मनेर शरीफ स्थित सूफी संत हजरत मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहिया मनेरी रहमतुल्लाह अलैह के 749वें उर्स मुबारक के मौके पर बड़ी दरगाह स्थित उनकी मजार पर चादरपोशी की और राज्य में सद्भाव, समृद्धि, अमन–चैन और खुशहाली कायम रहने की दुआयें मांगी।

मनेर शरीफ पहुँचकर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सूफी संत हजरत मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहिया मनेरी रहमतुल्लाह अलैह के 749वें उर्स मुबारक के मौके पर खानकाह में फीता काटकर दारूल उलुम सर्फुद्दीन अहमद याहिया मनेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर खानकाह में आयोजित महफिल–ए–सेमा में भी मुख्यमंत्री शरीक हुए। खानकाह में मुख्यमंत्री को टोपी और अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनन्दन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री आस्तान–ए–हजरत कुदवतुल आरफीन कुतुबुल अख्ताब सुल्तानुल मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहिया मनेरी के मजार पर चादरपोशी की एवं दुआयें मॉगी।

इस अवसर पर मनेर शरीफ खानकाह के गद्दीनशीं सैयद शाह तारिक ऐनायतुल्ला फिरदौसी, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज सहित अन्य अधिकारीगण, उर्स मुबारक में आये श्रद्धालुओं के साथ बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।।

******